# छुट्टी पर घर आए सेना के जवान की सिलपरा नहर में डूबने से मौत

## भाई-बहन के साथ घूमने गए थे, पैर फिसलने से तेज बहाव में बहे, एसडीआरएफ के गोताखोरों का सर्च ऑपरेशन जारी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, बिछिया थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया. छुट्टी पर घर आए सेना के 28 वर्षीय जवान सचिन द्विवेदी की सिलपरा नहर में डूबने से मौत हो गई. जवान अपने भाई और बहन के साथ नहर किनारे घूमने गया था, तभी अचानक पैर फिसलने से वह तेज बहाव में बह गया.**



हादसे के दौरान साथ में मौजूद भाई और बहन ने शोर मचाया तो आसपास के लोग भी पहुंचे. लेकिन जब तक जवान पानी के तेज बहाव में समा चुका था. जिसके बाद हादसे की सूचना पुलिस को दी गई. बघवार गांव निवासी सचिन द्विवेदी कुछ दिन पहले ही छुट्टी लेकर घर आए थे. बुधवार सुबह करीब 8 बजे वे अपने भाई और बहन के साथ सिलपरा नहर के किनारे टहलने गए थे. प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक नहर की पटरी पर चलते वक्त अचानक सचिन का पैर फिसल गया. खुद को संभालने से पहले ही वे नहर के तेज बहाव की चपेट में आ गए और गहरे पानी में समा गए. भाई-बहन के शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े, लेकिन तब तक जवान बहाव में ओझल हो चुका था. स्थानीय लोगो ने हादसे की सूचना पुलिस को दी. जिसके बाद पुलिस भी मौके पर पहुंची. देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगो की खासा भीड़ जमा हो गई. वही सूचना मिलने पर घर सहित परिवार के लोग भी मौके पहुंच गये. सचिन द्विवेदी सेना में जवान थे और देश सेवा कर रहे थे. छुट्टी पर घर आने के कुछ दिन बाद ही हुए इस हादसे से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है.

मां-बाप और भाई-बहन का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव में मातम पसरा हुआ है. सचिन के पिता ने बताया कि वह 2 साल बाद छुट्टी पर आया था, घर में शादी की तैयारी चल रही थी. बिछिया पुलिस ने लोगों से अपील की है कि बारिश के मौसम में नहर, नदी और तालाबों के किनारे न जाएं. पानी का बहाव कब तेज हो जाए, कहा नहीं जा सकता. बच्चों को भी इन जगहों से दूर रखें. एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन लगातार जारी है.

### रेस्क्यू में जुटा प्रशासन

घटना की सूचना मिलते ही बिछिया थाना प्रभारी राजीव अग्रवाल पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. नहर में पानी का स्तर और बहाव बेहद तेज होने के कारण स्थानीय स्तर पर रेस्क्यू संभव नहीं हो सका. इसके बाद तुरंत एसडीआरएफ की टीम को बुलाया गया. टीम के गोताखोरों ने पुलिस की मौजूदगी में नहर के किनारे और गहरे पानी में लगातार सर्चिंग ऑपरेशन चलाया, लेकिन खबर लिखे जाने तक जवान का कोई सुराग नहीं लग पाया है. पानी का दबाव और बहाव इतना तेज है कि गोताखोरों को भारी मशक्कत करनी पड़ रही है.

# वसूली राशि न जमा करने वाले सरपंच, सचिव के विरुद्ध कार्यवाही कर जेल में सुपुर्द कराएं

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक रीवा से अनुरोध किया है कि वसूली राशि जमा न करने वाले सरपंच, सचिव के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल में सुपुर्दगी कराई जाय.**

उन्होंने उल्लेख किया है कि धारा 92 (2) के तहत पूर्व में वारंट जारी कर संबंधित दोषी सरपंच, सचिव को सेंट्रल जेल में सुपुर्द किये जाने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को कहा गया था किंतु अभी तक तत्संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया. उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें. उल्लेखनीय है कि रीवा जनपद के भोलगढ़ के पूर्व सरपंच श्रीमती सविता साकेत, रायपुर कर्चुलियान जनपद के जोगिनहाई के पूर्व सरपंच औसेरी कोल व पूर्व सचिव धीरज सिंह, बुढ़िया के पूर्व सरपंच श्रीमती उमा सिंह व पूर्व सचिव लवकुमार शर्मा एवं पलिया 351 के पूर्व सरपंच विष्णु प्रसाद कोल सहित सिरमौर जनपद के बुसौल के पूर्व सचिव संतोष तिवारी, सदहना के पूर्व सचिव संतोष सिंह, जवा जनपद के अकौरी ग्राम पंचायत के पूर्व सरपंच श्रीमती ललिता देवी व प्रोपाईटर अवधेश सिंह ट्रेडर्स एवं हरदौली के पूर्व सरपंच रमेश कुमार के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु लेख किया गया है. इसी तरह मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत मेहताब सिंह गुर्जर ने पुलिस अधीक्षक मऊगंज से अनुरोध किया है कि वसूली राशि जमा न करने वाले सरपंच, सचिव के विरूद्ध कार्यवाही कर जेल में सुपुर्दगी कराई जाय. उन्होंने उल्लेख किया है कि धारा 92 (2) के तहत पूर्व में वारंट जारी कर संबंधित दोषी सरपंच, सचिव को सेंट्रल जेल में सुपुर्द किये जाने हेतु संबंधित थाना प्रभारियों को कहा गया था किंतु अभी तक तत्संबंध में की गई कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया. उन्होंने पुलिस अधीक्षक से अनुरोध किया है कि संबंधित थाना प्रभारियों को निर्देशित करने का कष्ट करें. उल्लेखनीय है कि नईगढ़ी जनपद अन्तर्गत बंधवा कोठार के पूर्व सरपंच बहादुर साकेत पूर्व सचिव दिलीप कुमार पटेल व रामसुंदर साकेत के विरूद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु लेख किया गया है. गौरतलब है कि लगातार आदेश और कार्यवाही के बाद भी सरपंच-सचिव वसूली राशि जमा नही कर रहे है.

# क्लाइमेट एक्शन विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, विश्व पर्यावरण दिवस के उपलक्ष्य में मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय रीवा द्वारा 'क्लाइमेट एक्शन' विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन मानस भवन में किया गया.**

प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं युवाओं में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों तथा सतत विकास के प्रति जागरूकता विकसित करना था. प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के लगभग 40 विद्यार्थियों ने भाग लेते हुए जलवायु परिवर्तन, वृक्षारोपण, स्वच्छ ऊर्जा, जैव विविधता संरक्षण एवं पर्यावरणीय चुनौतियों से संबंधित आकर्षक चित्र प्रस्तुत किए. प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मक अभिव्यक्तियों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं जलवायु संकट के समाधान हेतु जनभागीदारी का संदेश दिया. निर्णायक मंडल द्वारा चित्रों का मूल्यांकन विषय की प्रस्तुति, सृजनात्मकता एवं संदेश की प्रभावशीलता के आधार पर किया गया. प्रतियोगिता के जूनियर वर्ग में राशी वर्मा ने प्रथम, मानसी वर्मा ने द्वितीय तथा हिमेश प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. वहीं सीनियर वर्ग में कौशिकी शुक्ला ने प्रथम, अनामिका ने द्वितीय तथा वंदना प्रजापति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया. कार्यक्रम के सफल आयोजन में मध्य प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, क्षेत्रीय कार्यालय रीवा के अधिकारियों एवं कर्मचारियों का योगदान रहा.


# मानदेय के लिए आशा कर्मियों ने किया प्रदर्शन

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, मानदेय के लिये आशा कर्मियों ने प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा.**

आशा एवं आशा पर्यवेक्षको का मानदेय एवं प्रोत्साहन राशि हर माह की पांच तारीख तक नियमित रूप से भुगतान करने, सभी प्रकार की कटौतियों का एरियर्स सहित भुगतान करने, आशा कर्मियों के वेतन भुगतान में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वेतन पर्ची दिये जाने, वेतन पर्ची में अर्जित वेतन कटौती की राशि, भुगतान की राशि एवं बकाया का स्पष्ट विवरण देने सहित विभिन्न मांगों को लेकर आशा ऊषा आशा पर्यवेक्षक एकता यूनियन (सीटू) के द्वारा यूनियन के राज्य व्यापी आह्वान पर कलेक्टर कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री एवं मिशन संचालक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के नाम सम्बोधित ज्ञापन सौपा.

## संक्षिप्त



### उप मुख्यमंत्री ने मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की

**रीवा,** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने श्रीराम जानकी मंदिर पहुंचकर भगवान के दर्शन किये तथा श्री रामकथा एवं श्रीराम यज्ञ की तैयारियों का जायजा लिया. उन्होंने मडफेश्वर महादेव मंदिर में भगवान आशुतोष के दर्शन किये तथा हवन यज्ञ में आहुति दी. उल्लेखनीय है कि श्रीराम जानकी मंदिर नजरबाग बाबूपुर में 3 जून से 11 जून तक दिव्य श्री रामकथा व श्री रामयज्ञ का आयोजन किया गया है. जगदगुरू रामानंदचार्य रामललाचार्य महाराज की अमृत वाणी से रामकथा का वाचन होगा.

### दस्तावेजों का परीक्षण 16 तक किया जाएगा

**रीवा,** फार्मासिस्ट ग्रेड-2 के चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण 16 जून तक किया जायेगा. मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा दस्तावेज परीक्षण के लिये समिति का गठन किया गया है. गठित समिति द्वारा सीएमएचओ आफिस के सभागार में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चयनित अभ्यर्थियों के दस्तावेज का परीक्षण किया जायेगा.

### लोक कल्याण मेला आज

**रीवा,** नगरीय प्रशासन एवं विकास के निर्देश पर 'लोक कल्याण मेला' का आयोजन नगर निगम रीवा द्वारा 02 जून से 13 जून तक किया जा रहा है. इस आयोजन में नगरीय क्षेत्र के पथ विक्रेताओं के पंजीयन एवं पीएम स्वनिधि योजना के आवेदन जोनवार शिविर के माध्यम से प्राप्त किये जायेगे. इस कड़ी में शिविर 04 एवं 05 जून को तानसेन काम्पलेक्श वार्ड 17 में दोपहर 3 बजे 6 बजे तक आयोजित होगी. नगर निगम द्वारा अपील की गई कि हितग्राही पथ विक्रेता पंजीयन एवं पीएम स्वनिधि योजना हेतु आवेदन कर लाभ अवश्य प्राप्त करें.

### टूटे नल कनेक्शनों की जल आपूर्ति नहीं हुई सही

**रीवा,** नेहरू नगर वार्ड नंबर 13 में नगर पालिका निगम रीवा के ठेकेदार के द्वारा जेसीबी से कराई गई नाली की खुदाई के चलते 27 मई को सीनियर एमआईजी कॉलोनी के नल उपभोक्ताओं की पाइप लाइन के बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए तीन कनेक्शनों को बनाने का काम आठवें दिन भी अधर में लटका हुआ है. अभी क्षतिग्रस्त दो नल कनेक्शनों को मुख्य पाइप लाइन से जोड़ने का काम कराया गया. लेकिन जेसीबी के झटके से आगे तक क्षतिग्रस्त हुई पाइपलाइन में भारी जल रिसाव होने से जल आपूर्ति नहीं हो पा रही. इनमें से एक पाइप लाइन को कई मोड़ देकर जोड़ा गया है. इसमें आगे भारी जल रिसाव भी है. तीसरी नल पाइप लाइन को जोड़ने का काम अभी शुरू नहीं हुआ. मुख्य पाइप लाइन में उसका पॉइंट खोजा जा रहा है. दूसरे छोर की पाइपलाइन का अभी तक पता नहीं चल पाया है. लगातार 8 दिन से पानी नहीं मिलना काफी गंभीर सवाल है. इस बात को लेकर नारी चेतना मंच एवं समता सम्पर्क अभियान ने गहरी आपत्ति जताते हुए कहा कि शहर में नल जल आपूर्ति ही लोगों का एकमात्र साधन है जिसे नजर अंदाज नहीं किया जाना चाहिए. नगरीय प्रशासन को इसे तत्काल ठीक कराना चाहिए. पाइपलाइन को फिर से सही तरीके से जोड़ा जाना चाहिए. उसमें किसी तरह का लीकेज और मोड़ नहीं होना चाहिए. नल पाइपलाइन में कई मोड़ होने से पानी का प्रेशर कम हो जाता है. जब पानी पाइप के किसी मोड़ या एल्बो से गुजरता है, तो उसे घर्षण और दिशा बदलने के कारण रुकावट का सामना करना पड़ता है, जिससे गति और दबाव दोनों घट जाते हैं. जब पानी तेजी से बहता हुआ 90-डिग्री या 45-डिग्री के मोड़ से टकराता है, तो उसकी ऊर्जा का एक हिस्सा नष्ट हो जाता है, जिसे इंजीनियरिंग में 'हेड लॉस कहते हैं. यदि पूरी पाइपलाइन में बहुत अधिक मोड़ हैं, तो नल तक पहुंचते-पहुंचते प्रेशर काफी कमजोर हो जाएगा. अगर पाइप पतली है या उसमें कई मोड़ हैं, तो प्रेशर ज्यादा कम होता है.



नाले पर किये गये अतिक्रमण को हटाता नगर निगम अमला

# विन्ध्य विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने पदभार ग्रहण किया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, विन्ध्य विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति एवं उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह एवं संजय तीर्थवानी ने संभागायुक्त कार्यालय में सादगीपूर्ण तरीके से अपना पदभार ग्रहण किया.**



अध्यक्ष व उपाध्यक्ष ने कमिश्नर कार्यालय में कमिश्नर बीएस जामोद की उपस्थिति में पदभार ग्रहण किया. कमिश्नर ने नवनियुक्त पदाधिकारियों का गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएँ दी. इस अवसर पर नव नियुक्त अध्यक्ष डॉ. पंचूलाल प्रजापति ने कहा कि विन्ध्य विकास प्राधिकरण क्षेत्र की विकास गतिविधियों को गति देने का प्रयास करेगा. इस अवसर पर प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी विन्ध्य विकास प्राधिकरण अनिल दुबे भी उपस्थित रहे.

**विकास के लिए समन्वय और सहयोग से प्रयास करेंगे -** उपाध्यक्ष डॉ. अजय सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ऊर्जा संरक्षण के संकल्प का अनुसरण करते हुए विन्ध्य विकास प्राधिकरण के पदाधिकारियों ने बिना किसी रैली, बिना गाजेबाजे से सादगीपूर्ण ढंग से पद्भार ग्रहण किया. हम सब मिलकर विन्ध्य क्षेत्र के विकास के लिए समन्वय और सहयोग से प्रयास करेंगे.

# नालों पर किए गए अतिक्रमण को नगर निगम ने हटाया

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, नगर निगम द्वारा वर्षाकाल पूर्व नालों एवं सार्वजनिक मार्गों पर किए गए स्थायी अतिक्रमणों के विरुद्ध अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है.**

जिससे बरसात के दौरान जलभराव की समस्या उत्पन्न न हो तथा शहर की जल निकासी व्यवस्था सुचारु बनी रहे. बुधवार को वार्ड क्रमांक 18 के वेंकट रोड क्षेत्र में नाले के ऊपर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई. इसके साथ ही वार्ड क्रमांक 3 स्थित ईडब्ल्यूएस विंध्य विहार कॉलोनी, पड़रा क्षेत्र में सड़क एवं नाली के ऊपर रैम्प बनाकर अतिक्रमण कर लिया गया था, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था. नगर निगम द्वारा तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त अतिक्रमण को हटाकर आवागमन सुचारु किया गया. इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 42 में मुज्जू पुलिया के पास नाले के ऊपर किए जा रहे अवैध निर्माण कार्य को तत्काल बंद करवाया गया. अधिकारियों ने संबंधित व्यक्तियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नालों एवं सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध निर्माण कार्य न किया जाए. इसके अतिरिक्त चोरहटा स्थित अवध स्कूल मोड़ के पास भी नाले पर किए गए अतिक्रमण को हटाने की कार्रवाई की गई. निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे नालों, सड़कों एवं सार्वजनिक भूमि पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें तथा शहर को स्वच्छ, व्यवस्थित एवं जल निकासी व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने में सहयोग प्रदान करें. शहरहित में इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी. कार्यवाही के दौरान अतिक्रमण प्रभारी राजेश चतुर्वेदी, रावेन्द्र शुक्ला, अतिक्रमण सहायक अच्छेलाल पटेल के साथ अतिक्रमण अमला मौजूद रहा.

# भाजपा एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाएगी

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, यह अत्यंत हर्ष और गौरव का विषय है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 'राष्ट्रप्रथम' के संकल्प के साथ निरंतर प्रधानमंत्री के रूप में सेवा दे रहे हैं.**

नरेंद्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में एनडीए सरकार के ऐतिहासिक उपलब्धियों से परिपूर्ण 12 वर्ष 7 जून को पूर्ण हो रहे हैं. आगामी दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के सबसे लंबे समय तक निरंतर निर्वाचित रहने वाले प्रधानमंत्री बनेंगे और जनसेवा के अपने सार्वजनिक जीवन में एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर स्थापित करेंगे. भाजपा जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता के मार्गदर्शन में '12 साल विश्वास के, विकास के, जन कल्याण के' पूर्ण होने के अवसर पर 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस मनाएगी. कार्यक्रम हेतु टोली में भाजपा जिला महामंत्री विवेक गौतम, जिला मंत्री श्रीमती गीता माझी को रखा है.

# रोजगार मेला मानस भवन रीवा में कल

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, युवा संगम कार्यक्रम के तहत मानस भवन रीवा में 5 जून को सुबह 11बजे से दोपहर 2 बजे तक वृहद रोजगार मेला आयोजित किया जायेगा. रोजगार मेले में जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को विभिन्न कंपनियों में रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे.**

रोजगार मेले में 5 कंपनियों द्वारा युवाओं का चयन किया जाएगा. मेले में शामिल होने के लिए विभिन्न कंपनियों में युवक एवं युवतियों की आयु सीमा तथा शैक्षणिक योग्यता अलग-अलग निर्धारित की गई है. वेतन एवं भत्ते 12 हजार रुपए से 15 हजार रुपए तक निर्धारित किया गया है. वेतन एवं भत्ता विभिन्न कंपनियों में अलग-अलग देय होगा. युवाओ को अपने साथ समग्र आईडी, मूल अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र की छायाप्रति, आधार कार्ड या वोटर आईडी, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन एवं नवीनतम दो पासपोर्ट साइज के फोटो लेकर आना अनिवार्य होगा. युवा मेले का लाभ उठाए.

# उप मुख्यमंत्री ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का किया भ्रमण

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने बसामन मामा गौवंश वन्य विहार का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया. तदुपरांत श्री शुक्ल ने अधिकारियों के साथ बैठक की, जिसमें वन्य विहार में चल रही विभिन्न गतिविधियों की समीक्षा की.**



उप मुख्यमंत्री ने निर्माण कार्यों को गति देने और व्यवस्थाओं को अधिक सुदृढ़ बनाने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये. भ्रमण के दौरान उप मुख्यमंत्री ने परिसर में की जा रही प्राकृतिक खेती की गतिविधियों का अवलोकन किया. उन्होंने पर्यावरण संरक्षण और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया. उन्होंने कहा कि गौवंश वन्य विहार में व्यवस्थाओं को उच्च स्तरीय बनाया जा रहा है ताकि यह प्राकृतिक खेती और गौसंरक्षण के प्रमुख केन्द्र के तौर पर अपनी पहचान स्थापित कर सके.

उन्होंने परिसर में निर्माणाधीन 'ऋषि कुलम' और 'बायो इनपुट सेंटर' का भी निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली तथा निर्देश दिये की सभी निर्माण कार्यों को समय सीमा में पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करना सुनिश्चित करें. इस दौरान एसडीएम दृष्टि जायसवाल, डॉ. राजेश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

# वृद्धाश्रम की 82 वर्षीय सरस्वती गुप्ता का देह दान, प्रशासन ने दिया गार्ड ऑफ ऑनर

नवभारत न्यूज

**रीवा, 3 जून, भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी द्वारा संचालित वृद्धाश्रम में निवासरत सरस्वती गुप्ता 82 वर्ष पिता स्व. जगदीश गुप्ता के निधन के उपरांत उनका देहदान श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय को किया गया.**



परिजनों की सहमति से किए गए इस महादान से मेडिकल विद्यार्थियों को अध्ययन एवं शोध कार्यों में सहायता मिलेगी. देहदान की प्रक्रिया के दौरान भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ. प्रभाकर चतुर्वेदी, दिवंगत महिला की बेटी एवं दामाद सहित अन्य परिजन उपस्थित रहे. इस अवसर पर श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय परिसर में प्रशासन द्वारा दिवंगत महिला को सम्मानपूर्वक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया. उपस्थित लोगों ने देहदान को मानवता की सेवा का सर्वोच्च कार्य बताते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की. परिजनों ने बताया कि उनके परिवार में पहले भी कई सदस्यों द्वारा देहदान किया जा चुका है और वे इस परंपरा को समाज सेवा के रूप में आगे बढ़ा रहे हैं.

उन्होंने कहा कि सरस्वती गुप्ता ने जीवनकाल में ही देहदान का संकल्प लिया था, जिसे उनके निधन के बाद पूरा किया गया. श्याम शाह चिकित्सा महाविद्यालय रीवा में 82 वर्षीय सरस्वती गुप्ता के देहदान के अवसर पर गार्ड ऑफ ऑनर देते पुलिसकर्मी, मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ सुनील अग्रवाल, भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के अध्यक्ष डॉ प्रभाकर चतुर्वेदी, सचिव राजेंद्र पांडे, एनाटॉमी विभाग की एचओडी डॉ मेघना एवं दामाद हरिश्चंद्र गुप्ता उनकी बेटी केतकी गुप्ता सहित अन्य परिजन एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के पदाधिकारी उपस्थित रहे.